# केन्द्रों पर गेहूं उपार्जन के बाद परिवहन एवं भण्डारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें-डीएम

## गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर जिले में संचालित गेहूं खरीदी कार्य के लिए उपार्जन केन्द्रों पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं एवं तैयारियां सुनिश्चित कर केन्द्रों को रेडी फॉर वर्किंग मोड में रखा जायें। उन्होने कहा कि 5 अप्रैल से गेहूं उपार्जन के लिए आने लगेगा तथा अगले 20 दिन तक आवक अधिक रहेगी। गेहूं उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके लिए अधिकारी अपने-अपने दायित्व के अनुसार कार्य सुनिश्चित करें। इस वर्ष 1 लाख 30 हजार मैट्रिक टन गेहूं आने की उम्मीद है। उपार्जन केन्द्रों पर न केवल पर्याप्त संख्या में बारदाना स्टॉक कर रखा जाये, बल्कि तुलाई के तुरंत बाद बैग की सिलाई कर टैग लगाकर रेडी टू ट्रांसपोटेशन के लिए रखा जाये। उन्होने कहा कि उपार्जन केन्द्रों से गेहूं का तत्काल परिवहन किया जायें और सुरक्षित तरीके से निर्धारित गोदामों में भण्डारण सुनिश्चित किया जायें। ट्रांसपोर्टर द्वारा समय पर पर्याप्त संख्या में ट्रक उपलब्ध कराये जाये। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गेहूं एवं चना, सरसों उपार्जन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होने निर्देश दिये कि गेहूं उपार्जन के बैग में लगायें जाने वाले टैग पर समितियों द्वारा कृषक संख्या भी अनिवार्य रूप से दर्ज की जायें। उन्होने कहा कि समस्त समिति प्रबंधक केन्द्र पर पूरे समय उपलब्ध रहेगे तथा उपार्जन कार्य के समस्त घटको एवं एजेंसियो के बीच समन्वय का कार्य करेंगे। नॉन द्वारा खरीदी के उपरांत सभी उपार्जन केन्द्रों से शेष बारदाना वापस लेने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि उपार्जन केन्द्र पर कार्यरत कम्प्युटर ऑपरेटर कम्प्युटर चलाने का ही कार्य करेंगे, उपार्जन केन्द्र की अन्य व्यवस्थाएं आदि का कार्य समिति प्रबंधक द्वारा संपादित कराये जाये। उर्पाजित किये गये गेहूं की उसी दिन बैग में भरकर सिलाई एवं स्टेकिंग की जायें तथा तुरंत ही खरीदे गये गेहूं को परिवहन के लिए भेजना सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्र में भारतीय खाद्य निगम द्वारा स्वीकृत किया गया लॉट ही एफसीआई के भण्डारण केन्द्र को भेजा जायें। उन्होने कहा कि निर्देशो का पालन न किये जाने पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कर्मचारी सेवा नियम 2011 के प्रावधानो के अनुरूप अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों की खरीदी कार्य की भी समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि जिले में गेहूं खरीदी के लिए 33 तथा चना, सरसो के लिए 7 सेंटर बनाये गये है। जिले में अभी तक लगभग 19 हजार किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने के लिए पंजीयन कराया गया है। पंजीयन प्रक्रिया अभी 31 मार्च तक जारी रहेगी। शासन द्वारा 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी की जायेगी, इसके अंतर्गत 2425 रूपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गई है, जबकि 175 रूपये प्रति क्विंटल के मान से राज्य सरकार द्वारा किसानों को बोनस दिया जायेगा। इस प्रकार एक क्विंटल के विक्रय पर किसानों को 2600 रूपये प्राप्त होंगे। इस अवसर पर एआरसीएस श्री ध्रुव कुमार झारिया, उप संचालक कृषि श्री जीके पचौरिया, फूड इस्पेक्टर श्री सुनील शर्मा सहित नागरिक आपूर्ति निगम, मार्कफेड, एफसीआई, सीडब्ल्यूसी, सहकारिता, कृषि उपज मंडी आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# 30 मार्च को रोगियों को लेकर रवाना होंगी बसें

## श्योपुर, बडौदा, कराहल, वीरपुर एवं विजयपुर से आज रवाना होगी बसें

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में श्योपुर जिले से चिन्हित मरीजो को उपचार के लिए ले जाने हेतु 15 बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, यह बसें 30 मार्च को श्योपुर, बडौदा, कराहल, वीरपुर एवं विजयपुर से प्रातः 7 बजे के लगभग रवाना होंगी। श्योपुर जिला अस्पताल से 4 बस, विजयपुर जनपद कार्यालय से 4 बस, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल से 4 बस, ग्राम पंचायत वीरपुर से 1 बस तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा से 2 बसें नोडल अधिकारियों की देखरेख में वाहन प्रभारियों के साथ रवाना की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा व्यवस्थाओं के लिए जिला सहित विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। इसके साथ ही वाहन प्रभारी भी बनाये गये है। उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले में रोगियों के चिन्हांकन हेतु सामुदायिक एवं प्राथमिक अस्पतालो में लगाये गये शिविरों के माध्यम से कुल 8 हजार 108 रोगियों का परीक्षण कर उपचार किया गया तथा अभी तक लगभग 600 रोगी मुरैना शिविर के लिए चिन्हित किये गये है। जिला स्तर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर को नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल तथा परियोजना अर्थशास्त्री श्रीमती राजेश शर्मा को सहायक नोडल बनाया गया है। इसी प्रकार श्योपुर जिला अस्पताल सहित बीएमओ स्तर पर भी नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। श्योपुर के लिए सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएस राजपूत, परियोजना अधिकारी श्री विक्रम जाट, बडौदा के लिए सीईओ जनपद श्योपुर एवं बीएमओ डॉ सुनील यादव, कराहल के लिए सीईओ जनपद कराहल श्री राकेश शर्मा एवं बीएमओ डॉ सुरेश सोनी तथा विजयपुर के लिए सीईओ जनपद श्री आफिसर सिंह गुर्जर एवं बीएमओ डॉ एसएन बिंदल, परियोजना अधिकारी श्री पीएस राजपूत को जिम्मेदारी सौपी गई है। रोगियों को ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था के साथ ही वाहन प्रभारी भी बनाये गये है। आरबीएसके प्रभारी श्रीमती स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि चिन्हित रोगियों को नोडल अधिकारियों के मार्गदर्शन में 30 मार्च को उपचार के लिए मुरैना शिविर में भेजा जायेगा। उन्होने बताया कि पंजीकृत सभी रोगियों को सूचना प्रदान की जा रही है। इसके अलावा रोगी अपने नजदीकी गंतव्य स्थल से रवाना होने वाली बसों के स्थान पर पहुंच सकते है।

**मुरैना शिविर के लिए कन्ट्रोलरूम**

सहायक नोडल अधिकारी श्री सोहनकृष्ण मुदगल ने बताया कि एसएफ़ पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर में किसी भी प्रकार की जानकारी सूचना के संबंध में शिविर स्थल मुरैना पर कन्ट्रोलरूम बनाया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 07532-299175 एवं 07532-299143 है।

# क्षमता से अधिक सवारियां बिठाने एवं बगैर सुरक्षा उपायों के नाव संचालन पर एफआईआर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा रामेश्वर चंबल नदी घाट त्रिवेणी संगम पर क्षमता से अधिक सवारियां तथा बगैर सुरक्षा उपायों के नाव का संचालन करने का मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर भेजकर नाव जब्त कराने की कार्यवाही की गई है, इसके साथ ही पंचायत सचिव मानपुर की रिपोर्ट पर नाव संचालको के विरूद्ध बीएनएस की धारा 284 एवं 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मौके पर पहुंचे एसडीएम श्री मनोज गढवाल ने बताया कि दो नावों को जब्त किया गया है, इनका संचालन राजस्थान के चतुर्भज घाट से मध्यप्रदेश के रामेश्वर घाट की ओर किया जा रहा था। उन्होने बताया कि क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा सुरक्षा संसाधनों लाइफ जैकेट, पीएफडी, ट्यूब रस्सा आदि नही रखने के मामले में नाव क्रमांक आरजे 25 डब्ल्यूबी 0083 तथा दूसरी नाव क्रमांक आरजे 25 डब्ल्यूडीबी 0026 को बगैर सुरक्षा संसाधनों के संचालन करने के मामले में जब्त किया गया है तथा पंचायत सचिव श्री लोकेश पाराशर की रिपोर्ट पर नाव चालको बृजमोहन गुर्जर ग्राम पादडा खण्डार जिला सवाई माधोपुर, राम मुकुट मीणा, बबलू मीणा एवं पहलवान मीणा ग्राम बडवास खण्डार जिला सवाई माधोपुर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा है कि बगैर सेफ्टी फीचर तथा क्षमता के आधार पर स्वीकृत संख्या से अधिक सवारियां बिठाने के मामले में नाव संचालको पर कडी कार्यवाही के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिये गये है तथा जिले के सभी घाटो पर निगरानी रखने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। इस प्रकार के मामलों में नाव संचालको के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होने आमजन से भी अपील की है कि जान जोखिम में डालकर इस प्रकार की यात्राएं न करें, इस प्रकार के मामले सामने आने पर तुरंत प्रशासन एवं पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन ने कहा है कि आमजन की जान को जोखिम में डालकर नाव संचालन करने वालों पर कडी कार्यवाही की जायें। उन्होने कहा कि उक्त नाव संचालको पर बीएनएस की धारा 284 एवं 3(5) के तहत कार्यवाही की गई है, बीएनएस की धारा 284 के अंतर्गत जलयान को असुरक्षित या अति भारित करके चलाना शामिल है, जिससे जलयान चलाने वालों या यात्रियों को खतरा होता है।

# विक्रमोत्सव का आयोजन आज सुबह 10 बजे से रामतलाई मंदिर पर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में संस्कृति विभाग द्वारा जारी निर्देशो के अनुपालन में तीस मार्च को विक्रमोत्सव का आयोजन श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर श्योपुर में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिले में विक्रमोत्सव आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग को नोडल अधिकारी नियुक्त कर क्रियान्वयन के दायित्व सौंपे गए है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री गर्ग ने बताया कि सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 को आरंभ कोटि सूर्योपासना के रूप में मनाया जा रहा है। ब्रम्ह मुहुर्त में सूर्य उपासना के साथ ही सभी प्रमुख मंदिरों पर ब्रम्हा ध्वज की स्थापना की जायेगी। इसके साथ ही श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में प्रातः 10 बजे से अद्भुत कला एवं विज्ञान मंच ग्वालियर द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रीत नाट्य का मंचन किया जायेगा।

# जिले में सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन होगा आज

**दतिया।** अपर कलेक्टर एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी श्री नीरज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विक्रमोत्सव 2025 के आयोजन एवं संचालन हेतु जिले में 30 मार्च 2025 को सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सूर्य उपासना आज 30 मार्च को प्रातः 10 बजे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुंदेला कालोनी दतिया में आयोजित किया जा रहा है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में पेयजल समीक्षा बैठक संपन्न

**दतिया।** आज शनिवार को कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन की अध्यक्षता में ग्रीष्मकाल में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में सतत रूप से पेयजल व्यवस्था बनाए रखने हेतु समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री माकिन ने निर्देश दिए कि बंद 20 हैंडपंपों की सूची मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को उपलब्ध कराई जाए।

# 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 1200 किलो लाहन नष्ट करने की कार्यवाही



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा मदिरा के अवैध संग्रह, विक्रय, परिवहन पर कड़ा नियंत्रण रखने के लिए दिये गये निर्देशो के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी श्री कमल सिंह सिकरवार के नेतृत्व में श्योपुर जिले में अवैध मदिरा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी दल द्वारा वृत कराहल के ग्राम सारसिल्ला तथा ग्राम सलमानिया में सर्चिंग की कार्यवाही कर 02 प्रकरण मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कायम कर विवेचना में लिये गये। आज की कार्यवाही मे 40 लीटर हाथभटटी मदिरा तथा 1200 किलोग्राम महुआ लहान को विधिवत नष्ट किया गया। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 128000 है। आज की कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्री बृजराज शर्मा एवं सुश्री निधि जैन तथा आबकारी मुख्य आरक्षक श्री कल्याण सिंह जादौन आरक्षक श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री कोक सिंह रावत, श्री बृगभान सिह जाटव, नगर सैनिक श्री कमल सिंह तोमर, श्री रघुवीर सिंह, श्री अमर सिंह आदि शामिल रहें।


**वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-हडपसर ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 01924/01923 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - हडपसर - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सुपरफास्ट विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 01924 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - हडपसर | | | गाड़ी संख्या - 01923 हडपसर - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 19:40 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 15:00 | ..... |
| 22:20 | 22:22 | बीना | 12:28 | 12:30 |
| 00:00 | 00:05 | रानी कमलापति | 10:40 | 10:45 |
| 01:50 | 02:00 | इटारसी | 08:50 | 09:00 |
| 06:05 | 06:10 | भुसावल | 03:35 | 03:40 |
| 09:05 | 09:10 | मनमाड़ | 01:20 | 01:25 |
| 10:10 | 10:12 | कोपरगांव | 23:55 | 23:57 |
| 12:30 | 12:33 | अहमदनगर | 21:47 | 21:50 |
| 15:18 | 15:20 | दौंड कॉर्ड लाइन | 20:38 | 20:40 |
| 16:30 | ..... | हडपसर | ..... | 19:10 |

● **वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से** गाड़ी संख्या 01924, प्रत्येक शनिवार, **दिनांक:** 05.04.2025 से 28.06.2025 तक ● **हडपसर से** गाड़ी संख्या 01923, प्रत्येक रविवार, **दिनांक:** 06.04.2025 से 29.06.2025 तक

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणी : 04, स्लीपर श्रेणी : 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी : 01

**नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।**

**उत्तर मध्य रेलवे**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 577/25(AS)


# ग्यारह नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस

**दतिया।** राजस्व विभाग की पाक्षिक वीडियों कॉन्फ्रेंस में प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण वसूली के संबध में जिले की समीक्षा की गई। जिसमें दतिया जिला को दिया गया लक्ष्य 2 करोड़ कम होने के कारण कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन ने निम्न प्रगति वाले ग्यारह नायब तहसीलदारों पर कार्यवाही करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है। कलेक्टर श्री माकिन द्वारा जिन नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए है उनमें नायव तहसीलदार दतिया नगर श्री राजेश कुशवाह, अति. तहसीलदार राजस्व वृत्त गोंदन श्री वीर सिंह आवासीया, नायब तहसीलदार वृत्त पंडोखर तहसील भाण्डेर श्री अंकुश कैम, प्रभारी तहसीलदार राजस्व वृत्त बरगांय/बसई श्री संजीव तिवारी, नायब तहसीलदार राजस्व वृत्त राजापुर/इमिलिया श्री शिव सिंह कोरकू, नायब तहसीलदार तहसील राजस्व वृत्त बिल्हारी खुर्द श्री जगदीश सिंह घनघौरिया, नायब तहसीलदार राजस्व वृत्त उदगुवां श्री राजेश कुमार वत्स, नायब तहसीलदार राजस्व वृत्त धीरपुरा सुश्री शिल्पा सिंह, नायब तहसीलदार राजस्व वृत रिछारी श्री मुन्नालाल गौड़, नायब तहसीलदार राजस्व वृत मंगरौल तहसील सेवढा श्री पूजा यादव, नायब तहसीलदार सुश्री पूजा माबई शामिल है। उक्त कृत्य राजस्व संग्रहण प्राप्तियों में लक्ष्य अनुसार प्राप्त न किया जाना आपके कर्तव्यों के विपरीत होकर उदासीनता का प्रतीक है जो म.प्र. सिविल आचरण नियम 1965 नियम 3 के तहत कदाचरण की श्रेणी में आता है क्यों न उपरोक्त राजस्व संग्रहण में कोई रूचि न लेने से म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावे। आप अपना जबाव एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिए गए लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व संग्रहण में शत प्रतिशत क्यों नहीं किया गया है व आपके द्वारा लक्ष्य अनुसार राजस्व संग्रहण प्राप्त न करने के क्या कारण रहे है सहित अपना जबाव 3 दिवस में प्रस्तुत करें, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। जिस हेतु आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# अलर्ट मोड पर प्रशासन, शहर में निकाला फ्लैगमार्च, कलेक्टर-एसपी के नेतृत्व में किया शहर का भ्रमण



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन के संयुक्त नेतृत्व में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए शहर में फ्लैगमार्च निकाला गया। आगामी त्यौहार, नवदुर्गा, गणगौर मेला, ईद-उल-फितर, रामनवमी, अम्बेडकर जयंती एवं अन्य त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था के उद्देश्य से शहर में फ्लैगमार्च निकालकर भ्रमण किया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन के नेतृत्व में शहर स्थित पुलिस कोतवाली से निकाले गये फ्लैगमार्च के क्रम में शहर के मैन बाजार, किला रोड, राम मंदिर, गुप्तेश्वर रोड, ईदगाह, बगवाज रोड आदि क्षेत्रो में भ्रमण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री मनोज गढवाल, एसडीओपी श्री राजीव गुप्ता सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहें।

# श्रीमूर्ति महामाया मंदिर में चैत्रमास का नवदुर्गा महोत्सव आज से

**मुरैना,कांस।** शहर के मध्य स्थल गोपीनाथ की पुलिया से आगे श्रीमूर्ति महामार मंदिर पश्चैत्रमास का 110वां नवदुर्गा महोत्सव दिनांक 30 मार्च रविवार से बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा मंदिर कमेटी के सदस्यों ने मंदिर परिसर पर रंग रोगन साफ सफाई कर मूर्त रूप दे दिया है। मंदिर पर घर स्थापना कराने वाले आचार्य पं. श्री बनवारीलाल शर्मा ने बताया कि 21वीं सदी में पहली बार माँ शैलपुत्री हाथी पर सवार होकर आयेगी। माँ ब्रम्हचारिणी, माँ चन्द्र घन्टा, माँ कष्माड़ा, माँ स्कंदमाता, माँ काव्ययाक्ष्क्षी, माँ कालरात्रि, माँ महागौरी और माँ सिद्धरात्रि की पूजा अर्चना अलग-अलग दिन की जाती है। इस वार नवरात्र नौ दिन के न होते हुये दूसरा और तीसरा नवरात्र एक ही दिन मनाया जायेगा । आचार्य पं. बनवारीलाल शर्मा द्वारा 30 मार्च को प्रातः 05 बजे से पूरे विधि विधान से घट स्थापना करायेगें । मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह राजपूत सभी भक्तजनों से आग्रह करते है कि मंदिर परिसर में जो भी भक्तजन अखण्ड ज्योति प्रज्वलित कराना चाहता है वह मंदिर कमेटी के सदस्यों से रसीद प्राप्त कर अखण्ड ज्योति में शामिल हो सकता है। मंदिर सलाहकार समिति के भोजराज कश्यप, दिनेश कुमार बाथम दयाकिशन बाथम, एवं प्रबंध समिति के दासी बाथम, पातीराम कश्यप लालजीत कश्यप, भोलाराम बाथम, ब्रजकिशोर बाथम, विनोद कुमार बाथम (बल्ली), अमर सिंह कश्यप, प्रमोद कुमार मांझी सभी भक्तजनों से अपील करते है कि इस नवरात्र में अपनी श्रृद्धानुसार उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य धान्य बनायें । प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह राजपूत पुलिस प्रशासन नगर निगम एवं मीडिया प्रशासन से पूर्ण आशा करते है कि उनका सहयोग हमेशा की तरह मिलता रहेगा ।

## सोशल मीडिया पर सट्टा खिलाते का वीडियो वायरल होने पर देहात पुलिस की कार्रवाई, खाईबाज गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** देहात थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर सट्टा खिलाते हुए वायरल हो रहे वीडियो पर संज्ञान लेते हुये तुरंत कार्रवाई करते हुए सट्टा खिलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 360 रूपए नगदी सहित सट्टा के अंक लिखी पर्चियां एवं पेन जब्त किया है। देहात थाना प्रभारी रत्नेश सिंह यादव के अनुसार 28 मार्च को सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो जिसमें देहात थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति आमजन को प्रलोभन देकर सट्टा खिलाता हुआ दिखाई दे रहा है जिस पर से थाना प्रभारी देहात श्री यादव एवं उनकी टीम द्वारा सोशल मीडिया में प्रसारित स्थान को तत्काल चिन्हित कर 40 नंबर कोठी पुरानी शिवपुरी से आरोपी मनोज सोलकिया पुत्र किशनलाल सोलकिया उम्र 55 साल निवासी महल चौराहा पुरानी शिवपुरी को सट्टा खिलाते हुये पकडा जिसके कब्जे से 360 रुपये नगदी एवं सट्टा के अंक लिखी पर्ची एवं एक नीली डोट पेन जप्त किया गया । आरोपी के विरुद्ध सट्टा एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक रत्नेश सिह यादव थाना प्रभारी देहात, प्रआर 808 अजय शर्मा, प्रआर 444 प्रदीप शर्मा, प्रआर 302 सुरेन्द्र दुबे, आर. 246 मनोज गौड, आर 129 राघवेन्द्र सिंह थाना देहात जिला शिवपुरी की मुख्य भूमिका रही है।

# मुरैना विधायक के अथक प्रयासों से मुरैना विधानसभा में राशि 4 करोड़ 40 लाख की सड़के हुई मंजूर

**मुरैना,कांस।** विधायक दिनेश गुर्जर मुरैना विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनहित कार्यो के लिए शासन से मांग करते आ रहे हैं, उनके अथक प्रयासों से मुरैना विधानसभा में पटिया वाले बाबा करह रोड़ से मारवाड़ी का पुरा तक रोड़ राशि 1 करोड़ 20 लाख, टेकरी बिचौला रोड़ से कल्लू सिंह कंसाना का पुरा तक रोड़ राशि 1 करोड़ 20 लाख एवं ग्राम पंचायत रंचोली के अन्तर्गत रंचोली मुख्य मार्ग से खटाने के पुरा तक रोड़ राशि 2 करोड़ स्वीकृत हुई है। मुरैना विधायक द्वारा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 44 के अंतर्गत छोंदा नदी पर एक आधुनिक पार्क, जिम एवं वोट क्लब बनाया जावे, जिससे मुरैना शहर की जनता को मनोरंजन की सुविधा मिल सके एवं जनहित में विकास कार्यो के लिए मध्य प्रदेश सरकार से मांग कर प्रयास जारी है।

# अवकाश में खुलेगा जिला कोषालय

**श्योपुर ब्यूरो।** आयुक्त कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश के भोपाल के निर्देशानुसार जिला कोषालय श्योपुर अवकाश के दिनों में 30 एवं 31 मार्च को भी खुला रहेगा जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारी अवकाश के दिनों में भी देयक प्रस्तुत कर सकेंगे और कोषालय द्वारा नियमानुसार देयक पारितिकरण का कार्य अवकाश के दिनों में भी किया जाएगा। कोषालय अधिकारी श्री अजय पाडोरिया ने बताया कि 1 अप्रैल को वार्षिक लेखाबंदी होने से कोषालय अवकाश रहेगा।

# अपर कलेक्टर ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**दतिया।** अपर कलेक्टर एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी श्री नीरज शर्मा ने आज शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुंदेला कालोनी पहुचंकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाऐं देखी। उन्होंने कहा कि सूर्य उपासना आज 30 मार्च को प्रातः 10 बजे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुंदेला कालोनी में भव्य तरीके से आयोजन किया जाना है।

# स्काउट गाइड ने दी शनिदेव पर सेवाएं



**मुरैना,कांस।** विश्व प्रसिद्ध त्रेता युगीन शनि देव मंदिर ऐंती पर्वत पर जो कि शनिश्चरा धाम के नाम से विश्व विख्यात है पर दिनांक 28 एवं 29 मार्च 2025 को शनिचरी अमावस्या के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया इस इस मेले में भारत स्काउट गाइड जिला संघ मुरैना,भिंड एवं दतिया के स्काउट - गाइड, रोवर - रेंजर,स्काउटर - गाइडर के लगभग 80 सेवार्थियों ने अपनी सेवाएं दी दिनांक 28 तारीख को रात्रि 11:00 बजे से पहला दल अपनी सेवा के लिए उपस्थित हुआ जिसमें रात्रि को 12:00 बजे जिले के कलेक्टर श्रीमान अंकित अस्थाना जी महोदय,पुलिस अधीक्षक महोदय श्री समीर सौरभ जी जिला पंचायत सीईओ महोदय श्री कमलेश भार्गव जी एसडीम महोदय श्री भूपेंद्र कुशवाह जी द्वारा श्री शनि देव का अभिषेक किया गया इस अभिषेक के पश्चात शनिचरी अमावस्या के मेले पर शनि देव के दर्शन प्रारंभ हुए जितने भी सेवार्थी थे वह शनिदेव के मुख्य गेट से जिंग जिंग रेलिंग, हनुमान जी के मंदिर के सामने, गर्भ गृह के सामने और निकासी की सीढीयों पर क्रमबद्ध होकर अपनी सेवाएं दे रहे थे इस बीच में दर्शनार्थियों के बीच यदि कोई असहाय दर्शनार्थ दिखाई दिए उनको सहारा देकर हमारे स्काउट गाइड द्वारा सीडीओ से ऊपर बाहर तक स - सम्मान पहुंचाया गया इसी बीच जिला कलेक्टर महोदय,पुलिस अधीक्षक महोदय और सीईओ साहब ने सेवार्थियों के बीच पहुंचकर उनकी हौसला अफजाई की कलेक्टर महोदय द्वारा सभी से से पूछा कि यहां पर आपको किसी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं है इस पर सभी ने कहा सर बहुत अच्छी व्यवस्था है मेला सुचारु रूप से चल रहा है इसकी जानकारी देते हुए श्री सुरेंद्र सिंह यादव एवं डॉ राकेश कुमार शर्मा ने बताया के रात्रि 12:00 बजे से ही मेले में भारी भीड़ उत्साह के रूप में देखने को मिली इस अवसर पर जिला प्रशासन मुरैना के साथ स्काउट गाइड की ओर से जिला संगठन आयुक्त स्काउट जिला भिंड श्री वीर सिंह यादव जिला जिला संगठन आयुक्त स्काउट दतिया अतिवल सिंह श्री राम नरेश दंडोतिया जिला एवं संभागीय अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला इकाई मुरैना द्वारा भी स्काउट गाइड रोमन रेंजर के साथ असहाय बुजुर्ग व्यक्तियों को में मंदिर गेट से जो व्यक्ति सीडीओ पर नहीं चढ़ सकते श्री दंडोतिया जी ने एवं सभी स्काउट गाइड के साथ उनको बाहर तक सहयोग किया एवं आजीवन प्रतिनिधि स्काउट गाइड जिला मुरैना श्रीमती कीर्ति भदोरिया श्रीमती मधुबाला तोमर श्रीमती अर्चना सोनी श्री महेश कनेरिया श्री अभिनंदन सिंह तोमर रोवर लीडर चंबल ओपन रोवर ग्रुप मुरैना श्री प्रांशु पाराशर श्री अंकित शर्मा आदि ने सेवाएं दी।

# शिवपुरी के सखी रसोई नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही है पहचान




**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी के सखी रसोई नामक नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। राष्ट्रीय स्तर से जारी न्यूजलेटर में भी इस पहल की सराहना करते हुए शामिल किया गया है। मध्यप्रदेश से शिवपुरी जिले के इस नवाचार को शामिल किया गया है। हाल ही में शिवपुरी नगरपालिका परिषद ने कबाड़ से जुगाड़ की अवधारणा के तहत सखी रसोई नामक एक अनूठी पहल शुरू की है। इससे न केवल जरूरतमंदों को किफायती दामों पर पौष्टिक भोजन मिलेगा, बल्कि महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन सकेंगी। इस सखी रसोई का संचालन बाकड़े बाबा महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। विगत कुछ दिनों पहले नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने सखी रसोई का औपचारिक उद्घाटन किया था। नगर पालिका परिसर में स्थित यह रसोई आम जनता को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराएगी। सखी रसोई को जो बात अलग बनाती है, वह है इसका पुनः उपयोग करने वाली सामग्री का उपयोग करके बनाया गया यह कबाड़ से जुगाड़ दर्शन का उदाहरण है। यह पहल न केवल संसाधनशीलता और स्वच्छता को बढ़ावा देती है, बल्कि सामुदायिक विकास और महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देती है। सखी रसोई के साथ शिवपुरी नगर पालिका ने यह प्रदर्शित किया है कि कैसे अभिनव समाधान सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं, जिससे समाज और पर्यावरण दोनों को लाभ हो सकता है। सामाजिक उद्यमिता का यह मॉडल अन्य नगर पालिकाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# बीकेयू एस में संतों को देंगे बड़ा स्थान, संत शांति व सद्भावना का प्रतीक : संजय गुर्जर



**शिवपुरी ब्यूरो।** 28 मार्च भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन एवं पीडीएमएम गठबंधन के प्रमुख संजय गुर्जर ने कृपाल दास महाराज सहित एक दर्जन संतो को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि देश में शांति, सद्भावना एवं एकता में संतों का बड़ा योगदान रहा है। आज कुछ संत देश में सत्ता के लालची हो गए हैं जिसके कारण समाज का स्वरूप खराब हो रहा है। चित्रकूट के कई बड़े संतो को भारतीय किसान यूनियन एस में बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मौजूदा हालातों को देखते हुए यह लगता है कि 2026 में लोकसभा चुनाव हो सकते हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी सहयोगी दलों के दबाव में सरकार नहीं चलाना चाहती है। उसकी पॉलिसी यह है कि देश में हिंदू-मुस्लिम के मुद्दे को प्रभावी करके इस मौके का फायदा उठाया जाए। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी का एक विधायक महाराष्ट्र में औरंगजेब का मुद्दा उठाता है तो दूसरा एक सांसद राणा सांगा को डरपोक बताता है। इससे पूरी तरह से साफ हो गया कि दोनों दलों में अंदरुनी तालमेल है। एक मुस्लिम वोटों को अपने पक्ष में करना चाहता है तो दूसरा दल हिंदू वोटों को अपने पक्ष में करना चाहता है जबकि मौजूदा स्थिति में उत्तर प्रदेश का मुसलमान कठिन दौर से गुजर रहा है और वह धर्मसंकट में है कि आखिर क्या किया जाए। ऐसे में समाजवादी पार्टी को उनके पक्ष में खड़ा होना चाहिए था न कि गड़े मुर्दे उखाड़ने में। दूसरा अगर मुस्लिम वोट समाजवादी पार्टी को नहीं जाता है तो निश्चित तौर से समाजवादी पार्टी एक सांसद तो क्या एक सभासद भी नहीं जीत सकती इसलिए देश की जनता को बड़ी सोच के साथ नए राजनीतिक समीकरणों को तलाशना होगा और जातीय गठबंधन करके अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाना होगा। जब-जब समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में सत्ता में आती है तब तब पिछड़ों के पूरे आरक्षण को एक विशेष जाति को देती है और अन्य जाति जो पिछड़ा वर्ग है वह आरक्षण से वंचित रह जाती है तो इनके समाजवाद का सभी को पता चल चुका है इसलिए हिंदूवादी विचारधाराओं को जनता के हितों के लिए हिंदूवादी संगठनों को और हिंदूवादी विचारधारा के लोगों को भारतीय जनता पार्टी के कमल के फूल को अब किसी नहर या नदी में डाल देना होगा ताकि वह बहुत अच्छे तरीके से खिल सके।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी होना चाहिए : कलेक्टर

## जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम करना है। वालंटियर के रूप में माय भारत पोर्टल पर कर सकते है अपना पंजीयन



**शिवपुरी ब्यूरो।** गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश भर में 30 मार्च से शुरू किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम करना है जिसमें जन भागीदारी से जल संरचनाओ की साफ सफाई, मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम किया जाएगा। इसके अलावा वृहद वृक्षारोपण भी किया जाएगा। इस अभियान के तहत लगभग 15 विभागों को भी जोड़ा गया है जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है और समेकित ढंग से सभी को मिलकर जल संरक्षण की दिशा में काम करना है। शनिवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनपद पंचायत के जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ के साथ बैठक आयोजित की गई और इस अभियान की कार्य योजना पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सभी को निर्देश दिए हैं। इस अभियान के सफल और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। 30 मार्च से इस अभियान का शुभारंभ होगा और 30 जून तक यह अभियान चलेगा। जिले में भी सभी नगरीय निकाय और जनपदों द्वारा जल संरचना को चिन्हित कर साफ सफाई, मरम्मत की जाए, जिसमें जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। इस अभियान का क्रियान्वयन जन भागीदारी से किया जाना है जिसमें कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है। और एक वालंटियर के रूप में अपना योगदान दे सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत माय भारत पोर्टल बनाया गया है जिसमें वालंटियर के रूप में अपना पंजीयन करके जलदूत जुड़ सकते हैं और विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को भी इस पोर्टल पर एंट्री करना है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने बैठक में निर्देश दिए हैं कि इस अभियान के तहत स्कूलों में भी गतिविधियां आयोजित की जाए, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण और जल की महत्ता जैसे विषयों पर निबंध रंगोली,चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं की जाना है जिससे बच्चों में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता आएगी। समस्त जनपद सीईओ को भी निर्देश दिए हैं। अमृत सरोवर के लिए सभी जल्द जगह चिन्हित करें। ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से विचार विमर्श के लिए चौपाल आयोजित करें।

# करैरा पुलिस ने देशी कट्टे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार




**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने वारदात करने की नियत से आए एक आरोपी को जुझाई रोड हाईवे पुल के नीचे से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।

करैरा थाना प्रभारी विनोद सिंह छावई को आज मुखबिर की सूचना मिली कि दीपक उर्फ रायडू पुत्र अशोक जाटव उम्र 25 साल निवासी चंगेज पहाडिया हाइवे रोड करैरा, जुझाई रोड हाइवे पुल के नीचे अपराध की नियत से बैठा है तभी उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान जुझाई रोड हाइवे पुल के नीचे पहुंचे तो मुखबिर के बताये हुलिया के व्यक्ति देखा जो पुलिस को आता देख भागने लगा जिसे हमराही बल की मदद से घेर कर पकड़ा उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम दीपक उर्फ रायडू पुत्र अशोक जाटव उम्र 25 साल निवासी चंगेज पहाडिया हाइवे रोड करैरा होना बताया जिसकी जामा तलाशी लेने पर कमर में दाहिनी तरफ एक 315 बोर का कट्टा खुरसे मिला तथा एक जिन्दा कारतूस मिला, कट्टा एवं कारतूस रखने का बैध लायसेंस चाहा तो नही होना बताया यह कृत्य अपराध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से कट्टा एवं कारतूस को जप्त किया गया आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 251/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी करैरा निरी0 विनोद छावई, सउनि बृजराज सिहं यादव, प्रआर मोहन सिहं बघेल, आर0 सुरेन्द्र सिहं रावत, आर0 राधेश्याम जादौन, आर0 हरेन्द्र सिंह, आर मत्स्येन्द्र गुर्जर थाना की मुख्य भूमिका रही है।

# 7 दिवसीय पुस्तक मेला रविवार से क्रमांक 2 स्कूल में, गणवेश व स्टेशनरी भी क्रय कर सकेंगे अभिभावक

## डीईओ ने मेले की तैयारियों को लेकर ली बैठक, दिए निर्देश



**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले के निजी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को कक्षावार संचालित पुस्तकें अब मेले के जरिए एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाएंगी। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में स्कूल शिक्षा विभाग रविवार से सात दिवसीय पुस्तक मेला शहर के उमावि क्रमांक 2 स्कूल परिसर में आयोजित करने जा रहा है। जहां विभिन्न स्टेशनरी स्टोर संचालक, पुस्तक वितरक एवं गणवेश वितरक अपनी दुकानें लगाएंगे। इस मेले के आयोजन को लेकर शनिवार की दोपहर जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ ने उमावि क्र. 2 स्कूल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और मेले के सफल आयोजन को लेकर अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उमावि क्र. 2 स्कूल की प्राचार्य अर्चना शर्मा, एपीसी उमेश करारे, विपिन पचौरी, राजेश खत्री, यादवेन्द्र चौधरी, अजय बाथम आदि मौजूद रहे।

बता दें कि प्रशासन व शिक्षा विभाग को कतिपय निजी स्कूलों द्वारा चिन्हित दुकानों से ही पुस्तकें व गणवेश क्रय करने संबंधी शिकायतें सामने आई थीं और जिला शिक्षा विभाग ने हाल ही में जिला स्तर से लेकर विकासखण्ड स्तर पर 9 कंट्रोल रूम भी गठित किए थे। एक ही परिसर में अभिभावकों को पुस्तकें, गणवेश व स्टेशनरी उचित दाम पर मिल सकें इसके चलते उक्त मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में 26 मार्च को पुस्तक व स्टेशनरी विक्रेताओं एवं अशासकीय विद्यालय एसोसिएशन के साथ बैठक भी आयोजित की गई थी। डीईओ राठौड़ ने सभी निजी स्कूल संचालकों को मेले की सूचना स्कूल के सूचना पटल पर चस्पा करने सहित छात्रों या अभिभावकों के वाट्सएप एवं अन्य माध्यमों से सूचित करने के निर्देश भी दिए हैं।

# कन्या विद्यालय में छात्राओं को विशेषज्ञों ने दिया करियर चुनाव के लिए उचित मार्गदर्शन

## शा. कन्या उमावि. कोर्ट रोड शिवपुरी में करियर काउन्सलिंग का हुआ आयोजन




**शिवपुरी ब्यूरो।** विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन हेतु शिवपुरी के कन्या उमावि. कोर्ट रोड शिवपुरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अनुभवी लोगों ने छात्राओं को उचित मार्गदर्शन देकर प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रकृति, पैटर्न सहित अन्य क्षेत्रों के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय में उचित चयन श्रेष्ठ करियर को लेकर आयोजित काउन्सलिंग एवं गाइडेंस के कार्यक्रम में एनआईसी शिवपुरी डीआईओ पद पर कार्यरत श्रीमती पूनम मांडरे, निवेदिता दुबे केश ऑफिसर एसबीआई पर्सनल बैंकिंग ब्रांच कोतवाली रोड शिवपुरी एवं काजल जरेले ब्रांच मेनेजर एसबीआई पर्सनल बैंकिंग ब्रांच कोतवाली रोड शिवपुरी ने उपस्थित रहकर छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए एनआईसी शिवपुरी डीआईओ पूनम मांडरे ने कहा कि आपको अपने करियर की तैयारी की शुरुआत कक्षा 8 या 9 से कर देनी चाहिए कई पेरेंट्स का या छात्रों का यह भी मानना होता है कि इतनी कम उम्र में करियर को लेकर बच्चों का कोई डिसिजन आगे चलकर परेशानी में न डाल दे, जबकि करियर के चुनाव का यही आदर्श समय है क्यूंकि कक्षा 9 के बाद बच्चे 10 में आते ही अपने बोर्ड एग्जाम में व्यस्त हो जाते हैं और उनके पढाई का तनाव भी बढ़ जाता है दरअसल देखा जाये तो बच्चों को 8 या 9 में ही अपने करियर से जुड़ी तैयारी शुरु कर देना चाहिए। निवेदिता दुबे एवं काजल जरेले ने बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाने सहित विद्यार्थिओं की पढाई और करियर बनाने लिए सरकार और बैंक द्वारा दी जा रही सुविधाओं और बैंकिंग फ्राड के बारे में जागरूक करते हुए विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कौशल गौतम ने किया। आभार प्रदर्शन प्रेमलता जैन एवं प्रशान्त श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेमलता गुप्ता एम. एस. राजपूत जयंत सिंह सिकरवार, अर्चना सक्सेना, रामदेवी गुप्ता, लवली श्रीवास्तव हिरा खान सुखजिंदर कौर सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। करियर काउन्सलिंग कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मार्गदर्शकों ने छात्राओं से परस्पर संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# मंदिरों के पास मांस-अंडे की दुकानें की बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर विहिप और बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



**शिवपुरी ब्यूरो।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने नवरात्रि, रामनवमी, महावीर जयंती और हनुमान जयंती के मद्देनजर मांस और अंडे की बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की है। संगठनों ने कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के नाम एसडीएम उमेश कौरव को ज्ञापन सौंपा है। संगठनों की मांग है कि 30 मार्च से 12 अप्रैल तक मंदिरों के आसपास मांस और अंडे की बिक्री पर पूर्ण रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि प्रशासन के पूर्व आदेशों के बावजूद कई स्थानों पर खुलेआम मांस और अंडे की बिक्री जारी है। इससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। विहिप और बजरंग दल ने प्रशासन को सचेत किया है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते उचित कार्रवाई नहीं करता है, तो हिंदू समाज स्वयं अपनी आस्था की रक्षा के लिए आगे आएगा। संगठनों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# अपार आईडी सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा कलेक्टर को 2 अप्रैल को सौंपेगा ज्ञापन

## आधार न होने से नहीं बन पा रही है छात्रों की अपार आईडी




**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले में अपार आईडी का कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में 40 प्रतिशत बच्चों क आधारकार्ड नहीं होने से अपार आईडी नहीं बन पा रही हैं। शासकीय सेवकों की जिला स्तरीय समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ के जिला कार्यालय पर सभी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त मोर्चा की बैनरतले 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन 2 अप्रैल को जिला कलेक्टर को सौंप जाएगा। 5 सूत्रीय मांगों में आधार कैंप पंचायत स्तर पर लगाये कक्षा सिर एक से 12 तक शाला समय प्रातः 7ः30 बजे से किया जाए शिक्षक शिक्षकको कासातवें वेतन का एरिया का भुगतान किया जाएक्र कमोन्नति का एरिया दिया खनियाधाना में एरियर के भुगतान मेंचीन चीन कर भुगतान किया जा रहा है इसे रोका जाएसभी को भुगतान किया जाए। बैठक में अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक राजेंद्र पिपलोदा, राज्य पत्रित संघ के जिला अध्यक्ष कौशल गौतम, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वत्सराज राठौर, वन विभागीय समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष स्नेह रघुवंशी, आजाद संघ के जिलाध्यक्ष सुनील धाकड़, अरविन्द सरैया, सहसंयोजक राज्य कर्मचारी संघ महावीर मुद्गल, बृजेंद्र भार्गव कुल्लू पवन अवस्थी, जिलाध्यक्ष शासकीय शिक्षक संघ अनिल गुप्ता, जिला सचिव शिक्षक संघ मनमोहन जाटव, एनएमओपी संघ प्रदेश संगठन मंत्री विदिन पचौरी, ब्लाक अध्यक्ष अमरदीप श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष राज्यशिक्षक कांग्रेस मनोज शर्मा सुरवाया, शरद गोस्वामी, हरीश कुमार कुशवाहा, राज महेंद्र सिंह जाट, अजय सिसोदिया, नरेश कुमार भार्गव, दीवान शर्मा सीएसी, संतोष शर्मा, विवेक वर्धन शर्मा, राजू शर्मा पिपरघार,नीरज बंसल, राजेश पाठक सहित कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजस्थान दिवस महोत्सव के पांचवे दिन हुआ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन

## राजकीय सेवाओं में चयनित जिले के 120 युवाओ को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र, रविवार को मचकुंड पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**धौलपुर ब्यूरो।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत नगर परिषद टाउन हॉल में शनिवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नवचयनितों संबोधित करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सार्वजनिक सेवा में कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुये आगे बढ़ने के सतत प्रयास जारी रखे। लोकसेवक ईमानदारी से कार्य करते हुये कर्तव्यों का निर्वहन करे। इस दौरान कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का वी सी के जरिये सीधा प्रसारण किया गया।

**जिला स्तरीय कार्यक्रम में 120 नवचयनितों को प्रदान किये नियुक्ति-पत्र**

जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में जिला कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में छात्रावास अधीक्षक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग ऑफिसर,फार्मासिस्ट एवं एएनएम तथा महिला बाल विकास विभाग में महिला पर्यवेक्षक पद पर चयनित जिले के कुल 120 नवचयनितों को नियुक्ति पत्र एवं शुभकामना संदेश प्रदान किये। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा,,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसीपी बलभद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में युवा लाभार्थी मौजूद रहे।

**सांस्कृतिक संध्या का आयोजन मचकुंड पर**

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 मार्च, रविवार को मचकुंड, धौलपुर में संध्या 6ः00 बजे से प्रारंभ होगा। इस विशेष अवसर पर स्थानीय लोक कलाकारों एवं प्रख्यात राजस्थानी कलाकारों द्वारा लोकगीत, मयूर नृत्य, फूलों की होली, चरकुला नृत्य सहित विभिन्न पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय भावना को समर्पित एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धौलपुर के प्रतिष्ठित एवं स्थानीय कवि अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। यह आयोजन राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं लोक परंपराओं को संजोने और बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# निर्माण श्रेणी के वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग कि जिले में बड़ी कार्रवाई

**धौलपुर ब्यूरो।** राज्य सरकार द्वारा आवंटित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में निर्माण श्रेणी के वाहनों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव व परिवहन निरीक्षक मनोज कुमार व गौरव सक्सेना के साथ संघन जांच अभियान में पाली - चुरारी बाड़ी क्षेत्र एवं बाड़ी बसेड़ी व राजाखेड़ा क्षेत्र में रेल्वे प्रोजेक्ट के आसपास की गई कार्रवाई में निर्माण श्रेणी के वाहनों पर प्रशमन राशि वसूली गई। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि सघन रूप से की गई कार्रवाई में बाड़ी क्षेत्र के पाली- चुरारी एरिया से एक बैकहो लोडर, एक बूम प्लेसर एक क्रेन व 4 डंपरों को सीज किया गया है। बसेड़ी बाड़ी क्षेत्र से एक क्रेन माउंटेन, दो ट्रैक्टर लोडर एक लीडर तीन क्यूबिक के साथ 12 बिना टैक्स के भार वाहन सीज किए गए हैं । राजाखेड़ा क्षेत्र से एक बैकहो लोडर, तीन डंपर, तीन ट्रैक्टर लोडर, 6 बिना टैक्स के संचालित भार वाहनों के साथ मिल्क टैंकर चीज किए गए। इन सभी वाहनों से लगभग 34 लाख रुपए टैक्स वसूला गया। उन्होंने बताया कि निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभाग दिन-रात प्रयासरत है। विभाग द्वारा 31 मार्च तक ऐसे सभी भार वाहनों के विरुद्ध ऑपरेशन कैचअभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत बिना टैक्स में एक ही वाहन संचालित नहीं होने दिया जाएगा अतः वाहन स्वामियों से अपील है कि अपने वाहन के कर को आज ही जमा कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि आपको होने वाले आर्थिक नुकसान एवं लगने वाले ब्याज पेनल्टी एवं शास्ति एवं वाहन के सीज होने से बचा जा सके।

# गिट्टी से भरे दो ओवरलोड डंपर जब्त, तहसीलदार के साथ राजस्व विभाग मौके पर पहुंचा

**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी-श्योपुर हाईवे पर प्रशासन ने अवैध परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पोहरी तहसीलदार निशा भारद्वाज के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार की देर शाम को गिट्टी से भरे दो ओवरलोड डंपरों को पकड़ा। तहसीलदार निशा भारद्वाज और राजस्व विभाग की टीम कस्बे के दौरे पर थी। इसी दौरान उन्हें शिवपुरी-श्योपुर हाईवे पर दो डंपर दिखाई दिए। टीम ने तुरंत डंपरों को रोका और उनके दस्तावेजों की जांच की। वजन तौल में दोनों डंपर ओवरलोड पाए गए। राजस्व विभाग ने दोनों डंपरों को पोहरी थाने में जमा करवा दिया है। इस कार्रवाई की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी गई है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार निशा भारद्वाज के साथ राजस्व निरीक्षक देवेंद्र जैन और राजस्व विभाग का दल मौजूद था।

# शनिचरी अमावस्या पर पारागढ़ शनि मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**शिवपुरी ब्यूरो।** तहसील क्षेत्र के घनघोर जंगल में स्थित पारागढ़ किले पर शनिचरी अमावस्या पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। यह मेला सैकड़ों वर्षों पुराने राजा शासन काल के दौरान बने शनि मंदिर में आयोजित किया जाता है। हर वर्ष शनिचरी अमावस्या के दिन यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्रित होते हैं। शनिवार को कोलारस, शिवपुरी और गुना सहित अन्य स्थानों से हजारों भक्त शनि मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। शनि से पीड़ित और पूर्व में मन्नत मांग चुके श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार जूते, वस्त्र और बाल दान किए। भक्तों ने सिंध नदी में स्नान कर शनि देव की पूजा-अर्चना की और मंदिर परिसर में हवन-पाठ किया। मेले में शामिल होने और शनि देव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं ने कठिन रास्ते की परवाह किए बिना अपनी श्रद्धा दिखाई। तीन किलोमीटर का दुर्गम मार्ग होने के बावजूद हजारों श्रद्धालु मोटरसाइकिल, कार और अन्य साधनों से मंदिर पहुंचे और शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह वार्षिक मेला धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रतीक बन गया है, जहां हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

